कम्प्यूटर परिपत्र सं0-1415006 दि0 24-04-2014

पत्र सं0-आई0टी0/एन0आई0सी0साफ्टवेयर/2014-15/ 47 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर

( आई0टी0-अनुभाग )

उत्तर प्रदेश

लखनऊ :दिनांक :: 23 अप्रैल, 2014

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर**

**समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0)**

**समस्त ज्वाइंट कमिश्नर (वि0अनु0शा0)/(कार्यपालक )**

**वाणिज्य कर , उत्तर प्रदेश**

आप भिज्ञ हैं कि वर्तमान में वाणिज्य कर विभाग कम्प्यूटरीकरण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है । इस क्रम में विभागीय साफ्टवेयर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की नोटिस तथा आदेशों को Generate करने से सबंधित माड्यूल का विकास किया जा रहा है । साफ्टवेयर के माध्यम से नोटिस तथा आदेश Generate करने हेतु आवश्यक है कि माड्यूल में अपेक्षित हिन्दी टाइपिंग का कार्य यूनीकोड मे किया जाये । वर्तमान में विभाग में हिन्दी टाइपिंग का कार्य Akrutidev oracle में किया जा रहा है जो यूनीकोड के compatible नहीं है , जिसके कारण Akrutidev oracle माड्यूल से निर्गत नोटिस अथवा आदेश का प्रिन्टआउट अपठनीय होता है । अत: टाइपिंग कार्य में सुविधा के दृष्टिगत NIC द्वारा एक प्रकिया उपलब्ध करायी गयी है जिसके माध्यम से Users द्वारा अपने कम्प्यूटर पर एक बार Settings को active करने के पश्चात Akrutidev oracle की भांति ही यूनीकोड में वर्तमान प्रचलित टाइपराइटर के Key Board से ही टाइप किया जा सकता है । इससे भी वर्तमान में प्रचलित Akrutidev oracle font की तरह ही टाइपिंग की जायेगी परन्तु यह टाइपिंग स्वत: ही यूनीकोड में होगी और प्रिंटआउट भी पठनीय होगा । इससे संबंधित प्रक्रिया निम्नवत् है :-

**(अ) WINDOWS-7/8 आपरेटिंग सिस्टम वाले कम्प्यूटर में यूनीकोड में हिन्दी टाइप करने के संबंध में रेमिंग्टन " Key-Board" के संचालन के लिए**

- यूनीकोड में हिन्दी टाइपिंग करने के लिए आवश्यक Indic Input 2 फाइल को विभागीय व्यास सेन्ट्रल साफ्टवेयर के लाग-इन पेज पर उपलब्ध Download Indic Input 2 लिंक पर Click करके Download किया जायेगा । 32bit system अथवा 64 bit system के अनुरूप संबंधित फाइल का चयन किया जायेगा ।
- इसके अतिरिक्त http://bhashaindia.com वेबसाइट से भी उक्त फाइल को Download किया जा सकता है ।इसके लिए सर्वप्रथम वेबसाइट पर उपलब्ध Download लिंक पर Click किया जाएगा इसके पश्चात Hindi Downloads option पर Click करके Indic Input 2 फाइल को Download किया जायेगा ।इस संबंध में भी 32bit system अथवा 64 bit system के अनुरूप संबंधित फाइल का चयन किया जायेगा । उक्तानुसार जो फाइल डाउनलोड होगी वह ZIP Form में होगी ।
- इस प्रकार Download की गयी ZIP फाइल को पहले Un-Zip किया जाएगा । इसके पश्चात Set up फाइल को install करने के लिए Right Click करके Run पर Click किया जायेगा अथवा set-up फाइल पर Double click करके भी set-up फाइल को install किया जा सकता है ।

- Hindi Indic Input set-up फाइल के सफलतापूर्वक install हो जाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन के दायीं ओर System Tray में " EN " का Icon उपलब्ध हो जायेगा। इस " EN " Icon पर click करके " **English**" या "**Hindi**" भाषा का चयन किया जा सकता है। विकल्प के रूप में " **Key Board**" में Alt+shift key का प्रयोग करके भी भाषा का चयन किया जा सकता है।
- इसके पश्चात किसी Document को open करने पर कमप्यूटर स्क्रीन के ऊपरी हिस्से (TOP) में Language bar में settings option में उपलब्ध " **Key Board** " के विकल्पों में Hindi Remington(PNB) का चयन किया जायेगा। इसके चयन के पश्चात सरलतापूर्वक टाइपिंग की जा सकती है।

## (ब) WINDOWS-XP आपरेटिंग सिस्टम वाले कम्प्यूटर में यूनीकोड में हिन्दी टाइप करने के संबंध में रेमिंग्टन " की- बोर्ड" के संचालन के लिए

- सर्वप्रथम कम्प्यूटर में Start बटन पर Click करके Control Panel option में "Regional and Language" Icon पर Click किया जायेगा। इसके पश्चात Languages Tab पर Click करके "Extend Suport of advanced text services to all programe" के सम्मुख स्थित Check box पर Tick किया जायेगा।
- उक्त Check box पर Tick करके यदि System में **WINDOWS-XP** की सीडी से संबंधित **message** आता है तो **WINDOWS-XP** की सीडी को **enter** करके **message box** में **OK** बटन पर **click** किया जायेगा।
- यूनीकोड में हिन्दी टाइपिंग करने के लिए आवश्यक Indic Input 2 फाइल को विभागीय व्यास सेन्ट्रल साफ्टवेयर के लाग-इन पेज पर उपलब्ध Download Indic Input 2 लिंक पर Click करके Download किया जायेगा। 32bit system अथवा 64 bit system के अनुरूप संबंधित फाइल का चयन किया जायेगा।
- इसके अतिरिक्त http://bhashaindia.com वेबसाइट से भी उक्त फाइल को Download किया जा सकता है।इसके लिए सर्वप्रथम वेबसाइट पर उपलब्ध Download लिंक पर Click किया जाएगा इसके पश्चात Hindi Downloads option पर Click करके Indic Input 2 फाइल को Download किया जायेगा।इस संबंध में भी 32bit system अथवा 64 bit system के अनुरूप संबंधित फाइल का चयन किया जायेगा। उक्तानुसार जो फाइल डाउनलोड होगी वह ZIP Form में होगी।
- इस प्रकार Download की गयी ZIP फाइल को पहले Un-Zip किया जाएगा। इसके पश्चात Set up फाइल को install करने के लिए Right Click करके Run पर Click किया जायेगा अथवा set-up फाइल पर Double click करके भी set-up फाइल को install किया जा सकता है।
- Hindi Indic Input set-up फाइल के सफलतापूर्वक install हो जाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन के दायीं ओर System Tray में " **EN** " का Icon उपलब्ध हो जायेगा। इस " **EN** " Icon पर click करके " **English**" या "**Hindi**" भाषा का चयन किया जा सकता है। विकल्प के रूप में " **Key Board**" में Alt+shift key का प्रयोग करके भी भाषा का चयन किया जा सकता है।

- इसके पश्चात किसी Document को open करने पर कमप्यूटर स्क्रीन के ऊपरी हिस्से (TOP) में Language bar में settings option में उपलब्ध " **Key Board** " के विकल्पों में Hindi Remington(PNB) का चयन किया जायेगा। इसके चयन के पश्चात सरलतापूर्वक टाइपिंग की जा सकती है।

अतः तत्काल व्यक्तिगत ध्यान देते हुए अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों को उपर्युक्त प्रक्रिया से भिज्ञ कराते हुए तथा उनके कार्यालय के कम्प्यूटरों में उपर्युक्तानुसार Settings Active / Install कराने की कार्यवाही निष्पादित कराते हुए , कृत कार्यवाही से मुख्यालय को भी दिनांक 02 मई, 2014 तक अवगत कराने का कष्ट करें।

यह पत्र कमिश्नर वाणिज्य कर के आदेश के क्रम में प्रेषित है।

(योगेन्द्र कुमार)
एडीशनल कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ